हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 6 अप्रैल 2026

06 मां कर्मा देवी की जयंती मनाई



08 पर्यावरण जागरूकता अभियान में 8 मंडलों ने...





## खबर संक्षेप

### कॉलेज में हुई चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की सीएमसीएलडीपी की कक्षा में शासकीय महाविद्यालय में जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। कार्यक्रम में विकासखण्ड समन्वयक नरेंद्र देशमुख, डॉ आई.एस. कनेस, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि एवं पार्षद प्रतिनिधि सुरेश यादव, हरीश नामदेव, मनीष चतुर्वेदी, विपिन यादव, राकेश कीर, मनीष यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

### पेट्रोलियम आपूर्ति के लिए कंट्रोल रूम हुए स्थापित

**नर्मदापुरम।** जिले में पेट्रोलियम पदार्थों डीजल, पेट्रोल, एलपीजी, पीएनजी, एवं सीएनजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आपूर्ति सुचारू रूप से बनाये रखने एवं कमर्शियल गैस सिलेण्डर के प्राथमिकता अनुसार संस्थाओं को वितरण करने तथा प्रतिदिन उपभोक्ताओं की शिकायतों को दर्ज कर उनका त्वरित रूप से निराकरण करने के लिए कलेक्टर द्वारा जिला स्तर पर समिति का गठन किया गया है।

### अन्य वयस्क बाघ के हमले से शावक की मृत्यु की जताई अधिकारियों ने संभावना

# चार माह आयु के बाघ शावक की मृत्यु वन विभाग ने किया अंतिम संस्कार

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम अंतर्गत शनिवार रात एक बाघ शावक का शव मिला था। बीट नयाखेड़ा कक्ष क्रमांक 460 में यह शव मिला था। जिसके पीएम उपरांत रविवार को शव का अंतिम संस्कार अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

एसटीआर असिस्टेंट डायरेक्टर आशीष खोब्रागढ़े द्वारा रविवार दोपहर जारी प्रेसनोट के अनुसार शनिवार शाम बीट नयाखेड़ा कक्ष क्रमांक 460 में दो बाघों के दहाड़ने की तेज आवाज सुनाई दी थी।

जिस पर वनरक्षक नयाखेड़ा, परिक्षेत्र सहायक एवं अन्य उपस्थित स्टाफ द्वारा उस क्षेत्र के आसपास गश्ती की गई। रात्रि में वहां से मौकास्थल के पास जाकर देखा गया तो एक शावक मृत पाया गया था। रात्रि होने के कारण मौका स्थल की निगरानी की गई। रविवार सुबह मौका स्थल का निरीक्षण करने पर बाघों के आपसी संघर्ष के स्पष्ट साक्ष्य प्राप्त हुए तथा एक बाघ शावक का शव पाया गया। घटनास्थल के समीप निरीक्षण पर अन्य बाघों की उपस्थिति के भी साक्ष्य मिले हैं।



### अंतिम संस्कार किया गया गया

रविवार को एसटीआर क्षेत्र संचालक राखी नंदा सहित सहायक संचालक पिपरिया-पचमढ़ी, तहसीलदार पिपरिया व राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के प्रतिनिधि की उपस्थिति में निर्धारित नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण की गई व शावक के शव का परीक्षण किया गया। तत्पश्चात नियमानुसार शवदाह किया गया है। प्रेसनोट के अनुसार बाघ शावक के शव का परीक्षण डॉ. गुरूदत्त शर्मा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व तथा डॉ. अमित ओढ़ रातापानी टाइगर रिजर्व द्वारा किया गया।

### एसटीआर टीम ने किया निरीक्षण



रविवार को एसटीआर क्षेत्र संचालक राखी नंदा सहित सहायक संचालक पिपरिया-पचमढ़ी, तहसीलदार पिपरिया व राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के प्रतिनिधि की उपस्थिति में निर्धारित नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण की गई व शावक के शव का परीक्षण किया गया। तत्पश्चात नियमानुसार शवदाह किया गया है। प्रेसनोट के अनुसार बाघ शावक के शव का परीक्षण डॉ. गुरूदत्त शर्मा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व तथा डॉ. अमित ओढ़ रातापानी टाइगर रिजर्व द्वारा किया गया।

### अन्य बाघ से संघर्ष में हुई मौत

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के असिस्टेंट डायरेक्टर आशीष खोबरागड़े द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार बाघ शावक के शव के परीक्षण दौरान प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि शावक की मृत्यु किसी अन्य मांसाहारी वन्यजीव के हमले से हुई है। इस तरह की मृत्यु को बाघ संरक्षण अधिनियम नियमों के अनुसार आपसी संघर्ष अथवा किसी बड़े बाघ द्वारा निज टेरिटरी को बनाए रखने के लिये अन्य युवा बाघ को मारने के रूप में देखा जाता है। मृत शावक की आयु लगभग चार माह पाई गई है। उसके शरीर पर चोट के स्पष्ट निशान पाए गए हैं। मौका स्थल पर मादा एवं नर बाघ के पदचिह्न मिलने के आधार पर प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि शावक को अन्य बाघ द्वारा मारा गया है। बताया जाता है कि बाघ शावक की आयु चार माह थी।

## ग्राम बरधा रैयत में ओलावृष्टि और तेज हवा से मकान हुआ क्षतिग्रस्त

### मकान पर गिरा इमली का पेड़, नहीं हुई जनहानि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गत दिनों विकासखंड केसला के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत डांडीवाड़ा के ग्राम बरधा रैयत में शनिवार शाम कुदरत ने जमकर कहर बरपाया। शाम करीब 5:30 बजे अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज अंधड़ के साथ भारी बारिश व ओलावृष्टि शुरू हो गई। इस प्राकृतिक आपदा ने बस्ती के भीतर कई गरीब परिवारों के आशियानों को उजाड़ दिया है।

तेज हवाओं का वेग इतना अधिक था कि ग्राम निवासी सरमा कोरकू के मकान पर एक विशालकाय इमली के पेड़ की शाखा टूटकर गिर गई। इस हादसे में उनके घर की छत (सीट) पूरी तरह चकनाचूर हो गई। गनीमत रही कि



कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन घर का सामान और संरचना बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। सरमा कोरकू के अलावा गांव के कई अन्य मजदूरों और किसानों के खपरैल व टीन शेड वाले घरों को भी इस तूफान ने काफी नुकसान पहुँचाया है। वहीं संगठन ने शासन से मुआवजे मांग की है।

### असमय वर्षा एवं ओलावृष्टि से हुए नुकसान का शीघ्र सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें: कलेक्टर

**नर्मदापुरम।** जिले में शनिवार एवं रविवार को हुई असमय वर्षा एवं ओलावृष्टि को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर सोनिया मीना ने समस्त अनुविभागीय दंडाधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी एसडीएम अपने-अपने अनुविभाग क्षेत्रों में शीघ्रता से सर्वे कार्य प्रारंभ कर ओलावृष्टि एवं वर्षा से हुई फसल क्षति तथा अन्य प्रकार के नुकसान का विस्तृत आंकलन करें। उन्होंने कहा कि वास्तविक स्थिति का सटीक आकलन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी एसडीएम इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर संपादित करते हुए निर्धारित समय सीमा में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि प्रभावित किसानों एवं नागरिकों को शासन की ओर से आवश्यक सहायता शीघ्र उपलब्ध कराई जा सके।

## आदिवासी समाज का फूटा गुस्सा, वन विभाग के एसडीओ को बर्खास्त करने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



ग्राम भरगदा में आदिवासी कोरकू कल्याण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक में वन विभाग की कथित बर्बरता का मुद्दा गरमाया रहा। समाज के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने एक स्वर में वन विभाग के एसडीओ विश्वकर्मा पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें तत्काल पद से बर्खास्त करने की मांग की है।

बैठक में विगत दिनों हुई उस घटना की घोर निंदा की गई, जिसमें वन विभाग द्वारा दो आदिवासी चौकीदारों को बिना किसी पूर्व सूचना या ग्रामसभा को विश्वास में लिए उठाया गया। आरोप है कि एसडीओ ने उन्हें जबरन बंधक बनाकर थर्ड डिग्री टॉर्चर दिया और बेरहमी से मारपीट की गई। आदिवासी समाज के साथ इस प्रकार का अमानवीय कृत्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि सामाजिक गरिमा पर भी हमला है।

विरोध प्रदर्शन के साथ-साथ बैठक में समाज के उत्थान के लिए रचनात्मक चर्चा भी हुई। इस आक्रोश सभा में जिलाध्यक्ष नर्मदाप्रसाद नागले, महासचिव कमलसिंह मवासे, ब्लॉक अध्यक्ष केसला सरवन काजले, ब्लॉक अध्यक्ष रामकरण लविस्कर, संयोजक जयसिंह बारस्कर, सरपंच गुलाबचंद बारस्कर, सरपंच अमरनाथ कलमे, और महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रेमवती मवासे सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## आईएएस में चयनित दीक्षा का समाज ने किया भव्य सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पटवा समाज मंगल भवन ट्रस्ट (धर्मशाला), नर्मदापुरम द्वारा समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मूल रूप से नरसिंहपुर जिले के करकबेल की रहने वाली समाज की होनहार बेटी डॉ. कु. दीक्षा पाटकर का यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन होने पर भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। पटवा समाज मंगल भवन में आयोजित इस सम्मान समारोह में अखिल भारतीय पटवा वैश्य महासभा के कार्यवाहक अध्यक्ष श्रीकांत पटवा , महासभा के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्य सभा सांसद ने किया नवनियुक्त एल्डरमैन का सम्मान, बोलीं नगर विकास में मिलेगी गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्थानीय सांसद संवाद केंद्र में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया की गरिमामयी उपस्थिति में एक विशेष अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम में नवनियुक्त एल्डरमैन राम नवलानी, हीरामणि भावसार एवं संतोष मीना का सांसद द्वारा शाल-श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस दौरान सांसद नारोलिया ने नवनियुक्त पार्षदों को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आप सभी के अनुभव और कर्मठता पर जो



विश्वास जताया है। कार्यक्रम के अंत में सांसद ने योग्य कार्यकर्ताओं को अवसर प्रदान करने के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए सभी के उज्जवल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया, पूर्व पार्षद नंदकिशोर यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुंदरम अग्रवाल, महेंद्र सिंह आनंद, सुरेंदरजीत सिंह, मंजू आनंद, नरसिंह रावत सहित अभिनंदन कार्यक्रम में कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## देश का हित : महाराणा प्रताप जयंती पर राजपूत समाज का फैसला, नहीं निकालेंगे वाहन रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

महाराणा प्रताप की वीरता का उत्सव अब राष्ट्रहित की नई सोच के साथ मनाया जाएगा। शौर्य के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती को लेकर राजपूत समाज एवं करणी सेना परिवार की महत्वपूर्ण बैठक में समाज के वरिष्ठों और युवाओं ने 9 मई को भव्य शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया है।

इस बार आयोजन में एक अनुकरणीय पहल की गई है। 8 मई को होने वाली पारंपरिक वाहन रैली को इस वर्ष रद्द कर दिया गया है। देश में ईंधन की किल्लत और खेती-किसानी में आ रही समस्याओं को देखते हुए समाज ने यह संवेदनशील निर्णय लिया है। राष्ट्र सर्वोपरि के भाव को दोहराते हुए समाज के बंधुओं ने कहा कि वर्तमान



परिस्थितियों में ईंधन की बचत करना और किसानों के प्रति एकजुटता दिखाना ही वीर शिरोमणि को सच्ची श्रद्धांजलि है। समाज के वरिष्ठजनों और करणी सेना परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में हुई व्यापक चर्चा। फिजूलखर्ची और ईंधन की बर्बादी रोककर समाज ने शहर के सामने एक सराहनीय उदाहरण पेश किया है।

### परंपराओं के संरक्षण में भजन मंडलियों की भूमिका अहम : सांसद

**नर्मदापुरम।** राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने आज अपने निज निवास स्थित कार्यालय पर सामाजिक और सांस्कृतिक सरोकारों को बढ़ावा देते हुए वार्ड क्रमांक 21 के 'विचित्र हनुमान मंदिर रेवा रामायण भजन मंडल' को भजन सामग्री वितरित की। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए सांसद नारोलिया ने कहा कि भजन मंडलियों की सक्रिय भागीदारी समाज में आध्यात्मिक चेतना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी सांस्कृतिक पहलें हमारी गौरवशाली परंपराओं के संरक्षण में सहायक सिद्ध होती हैं।

## मां नर्मदा को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए कायस्थ समाज के सदस्यों की तटों पर सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मां नर्मदा की महिमा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक दायित्व को केंद्र में रखकर अखिल भारतीय कायस्थ समाज द्वारा चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान लगातार प्रेरणादायक स्वरूप लेता जा रहा है। विगत तीन-चार वर्षों से समाज के सदस्यों द्वारा स्थानीय चित्रगुप्त घाट सहित अन्य घाटों पर नियमित रूप से सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को भी समाज के पदाधिकारियों, मातृशक्ति



एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नर्मदा तट पर पहुंचकर सफाई की, पूजा सामग्री, फूल-मालाएं और अन्य कचरे को बाहर निकालकर एकत्रित किया तथा उसे सुरक्षित रूप से डस्टबिन में डाला।इस



अभियान का उद्देश्य केवल घाटों की सफाई करना ही नहीं, बल्कि आमजन को भी मां नर्मदा के प्रति श्रद्धा के साथ स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करना है।

### लापरवाह ठेकेदारों पर सख्ती से एक्शन लेकर करें ब्लैकलिस्ट

**नर्मदापुरम।** आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संकेत भोंडवे ने नर्मदापुरम संभाग की समस्त निकायों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किए जाने के लिए तत्परता से कार्य किए जाएं। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने मध्य प्रदेश शहरी विकास कंपनी के उपस्थित अधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि नर्मदापुरम जिले में सीवरलाइन परियोजना के तहत कार्य में गति लाई जाए। उन्होंने कहा कि कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए श्रमिकों तथा मशीनरी की संख्या को बढ़ाया जाए।

## म्यूजिक जोन ने रिसार्ट में आयोजित किया सौहार्द दिवस




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर की अग्रणी संगीत संस्था 'म्यूजिक जोन' द्वारा जलसा रिसोर्ट में सौहार्द दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्था के संरक्षक और पूर्व विधायक पंडित गिरिजा शंकर शर्मा को समर्पित रहा, जिसकी थीम ₹प्यार बांटते चलो₹ रखी गई थी।

गरुमामयी शुभारंभ और सम्मानकार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि पंडित भवानी शंकर शर्मा (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष), पंडित गिरिजा शंकर शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी राकेश फौजदार, म्यूजिक जोन के अध्यक्ष असीम विश्वास और एक अखबार के यूनिट हेड सीपी भार्गव द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। पंडित राम परसारई ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुभाशीष प्रदान किया। इसमें डॉ. दिनेश श्रीवास्तव ने गिरिजा शंकर शर्मा के व्यक्तित्व पर अभिनंदन पत्र का वाचन किया, जिसे पूरी संस्था ने उन्हें सप्रेम भेंट किया।

### 33 सवालों से निर्धारित होगा जनगणना का लेखा जोखा

**नर्मदापुरम।** जनगणना के इतिहास में पहली बार डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते सेल्फ एन्यूमेरेशन की व्यवस्था भी दी जा रही है। 'स्व-गणना' (सेल्फ एन्यूमेरेशन- एसई) की विधि के माध्यम से सामान्य परिवार के उत्तरदाता को एक सुरक्षित वेब पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा से विशेष रूप से सेवा कामकाजी और व्यस्त परिवारों को सहायता मिल सकेगी जो सुबह से अपने काम पर निकल जाते हैं। इससे यह सेवा कार्यों को सुगम बनाती है तथा आँकड़ों की सटीकता भी सुनिश्चित करता है। स्व-गणना (**SE**) के बावजूद प्रगणक का क्षेत्रीय दौरा अनिवार्य रहेगा। प्रगणक द्वारा भी **SE** डेटा का सत्यापन अनिवार्य है। 16 अप्रैल से पोर्टल पर नागरिकों को ओटीपी और मोबाइल नंबर लॉगिन से सुरक्षित और सरल पहुंच मिलेगी जिससे वो अपने आप ही समस्त जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध इंटरफेस पर दर्ज कर सकेंगे।

### फ्रेंड्स चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट लीग का मंत्री विश्वास सारंग ने किया शुभारंभ

## अंडर-14 विक्टोरियस कप में रविवार को खेले गए दोनों मैचों में लेटेस्ट विक्टोरियस की हुई धमाकेदार जीत, उत्कृष्ट खिलाड़ियों को दिए पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अंडर-14 लेदर बॉल 'विक्टोरियस कप' में आज युवा प्रतिभाओं का जबरदस्त जलवा देखने को मिला। टूर्नामेंट के प्रमुख मुकाबले में अनंत विक्टोरियस क्रिकेट क्लब ने ख्याति स्पोर्ट्स पर एक तरफा और शानदार जीत दर्ज की।

आरना और शशांक की तूफानी पारियांमैच की शुरुआत में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अनंत विक्टोरियस की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 216 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा कर दिया। टीम की इस विशाल पारी के सूत्रधार रहे आरना तिवारी (नोशी), जिन्होंने महज 45 गेंदों में 85 रनों की आक्रामक पारी खेली। वहीं कप्तान शशांक दुबे ने भी मोर्चे से नेतृत्व करते हुए विपक्षी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दीं। गेंदबाजी में भी अनंत विक्टोरियस के खिलाड़ियों ने दबदबा बनाए रखा। आरना तिवारी 2 विकेट, शिवाय अग्निहोत्री 1 विकेट शीवोहम चौकसे 1 विकेट, अभिनवः 1 विकेटबल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन करने वाले आरना तिवारी को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। वहीं आदित्य के अर्धशतक से लेटेस्ट विक्टोरियस की जीत हुई।

आज का दूसरा मुकाबला जीसीए और लेटेस्ट विक्टोरियस के मध्य खेला गया। लेटेस्ट विक्टोरियस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए राघव दुबे और गौरव की पारियों की मदद से 15 ओवर में 103 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम की ओर से आदित्य ने 58 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली और अपनी टीम को जीत दिलाई। आदित्य को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया।

अतिथियों की गरिमामयी उपस्थितिमैच के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप सेः रिशिक यादव सीमा केथवास राजीव अग्रवाल पत्रकार अधिवक्ता निलेश जराठे अधिवक्ता, संजेश सिंह राजपूत अधिवक्ता, प्रशांत जैनइन सभी ने युवा खिलाड़ियों के खेल की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



### खेल मंत्री विश्वास सारंग ने किया स्पर्धा का शुभारंभ

शनिवार को नगर में फ्रेंड्स चैंपियंस ट्रॉफी के सीजन-3 क्रिकेट लीग का भव्य शुभारंभ मध्यप्रदेश के खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने किया। इस बार टूर्नामेंट को विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण की थीम पर आधारित किया गया है, जिससे आयोजन को एक अलग पहचान मिली है। इस वर्ष नर्मदापुरम में पहली बार 8**A** साइड नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का सीधा प्रसारण यूट्यूब पर किया जा रहा है। टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिससे मुकाबले बेहद रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक होने की उम्मीद है। विजेता टीम को 51,000 एवं ट्रॉफी, उपविजेता को 25,000 एवं ट्रॉफी तथा पहली बार इस प्रकार के आयोजन में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 7,000 एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### भगवान शिव के विवाह का सुनाया प्रसंग

**शाहपुर।** पतौवापुरा के खेड़ापति मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा के दौरान वृंदावन से पधारे पंडित श्री राम मुद्गल शास्त्री ने भगवान शिव के विवाह का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि सती महारानी अपने पिता के यहां गई। पति की आज्ञा का पालन नहीं किया, तो उन्हें जल कर भस्म होना पड़ा, इसलिए पति का घर सर्वोपरि है। विवाह होने के बाद बेटी का घर, पति का घर होता है। बेटियां सदैव शादी के बाद में मेहमान बन करके आती है। दूसरे जन्म में पर्वतराज की पुत्री हुई, इसलिए इनका नाम पार्वती पड़ा। पार्वती जी ने अखंड तप करके शंकर भगवान को प्राप्त किया। शंकर भगवान की प्रति आस्था होने के कारण सती महारानी ने कि शंकर भगवान के अलावा मैं किसी का वर्णन नहीं कर सकती है,। कथा के दौरान शिव-पार्वती का विवाह रचाया गया। भक्तों ने शिव विवाह का आनंद लिया।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बैतूल/कोलगांव।** एक युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि गरीबदास पिता जूँगी उम्र 35 वर्ष निवासी कोलगाव ने रविवार दोपहर 2.30 गांव के पास ही खेत में बनी झोपडी में अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। बैतूल बाजार पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पोस्ट मार्टम के लिए शव जिला अस्पताल भेजा। पुलिस का कहना है कि मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही पता चलेगा कि युवक ने किन कारणों के चलते फांसी लगाई है।

### 2 दुकानों से किए घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने और घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग एवं अनियमितताओं को रोकने के लिए सीहोर में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल द्वारा विभिन्न होटलों एवं रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करते पाए जाने पर 2 दुकानों से 2 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

### 23 को निकाली जाएगी भव्य कलश यात्रा

**सीहोर।** शहर के कलारपुरा कस्बा में भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में महिला मंडल के तत्वाधान में भव्य रूप से प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर शनिवार को ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर नगर सेठ वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय सहित क्षेत्रवासियों ने आस्था और उत्साह के साथ भाग लिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आगामी 23 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा के साथ मंदिर में दिव्य अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन नगर पुरोहित पंडित पृथ्वी वल्लभ दुबे और विद्वान के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ ध्वजारोहण किया गया।

### पक्षियों के पानी पीने के लिए लगाए सकोरे

**सीहोर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम हसनपुर तिनोनिया, टिगरिया एवं शेखपुरा में जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम शेखपुरा के चौराहा पर जल मंदिर (प्याऊ) की स्थापना की गई। वृक्ष पूजन किया गया और पक्षियों के पानी पीने के लिए सकोरा लगाए गए।

### हवा आंधी ने बिगाड़ी बिजली व्यवस्था, अंधेरे में कई गांव

**सीहोर।** गुरुवार रात जिले में आए आंधी तूफान ने सीहोर-आष्टा में बिजली व्यवस्था का माजरा पूरी तरह से बिगाड़ कर रख दिया है। आलम यह है कि शनिवार को दूसरे दिन भी अंचलों में बिजली गुल रही। बिजली विभाग की टीमें शुक्रवार के बाद आज शनिवार को भी सुबह से ही टूटे खंभों और उलझे तारों को दुरुस्त करने के लिए खेतों और सडक़ों पर पसीना बहाती नजर आईं। बावजूद शनिवार की शाम तक भी कई गांवों में बिजली व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी और अंधेरा कायम रहा।

---

### पुराना कचरे का निपटान नहीं, 10 टन नए कचरे का लगा ढेर

# ठंड बस्ते में एमआरएफ सेंटर की योजना, दुर्गंध से लोग परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के गौठाना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा प्रबंधन की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। पुराने कचरे का निपटान अब तक पूरा नहीं हुआ है और नये कचरे का ढेर लगते जा रहा है। प्रतिदिन आने वाले नए कचरे की प्रोसेसिंग भी नहीं हो रही है। जिससे ट्रेंचिंग ग्राउंड में नया और पुराना मिलाकर करीब 10 टन कचरे का ढेर लग गया है। इस कचरे को 10 दिनों में हटाने के लिए सीएमओ ने ठेकेदार को निर्देशित किया है। बता दे कि नगरपालिका शहर के 33 वार्डो से निकलने वाले कचरे को गौठाना स्थित टे्रचिंग ग्राउंड में एकत्रित करती है। यहां कचरा जमा किये जाने से कचरे का ढेर लग गया है। लंबे समय से कचरा इकठ्ठा होने और सडऩे की वजह से तेज दुर्गंध उठते रहती है। गंदगी व कचरे के कारण रहवासी घर के दरवाजे लगा कर रखते हैं। लोगों का आरोप है कि नगरपालिका द्वारा कचरे से उठने वाली दुर्गंध को समाप्त करने के लिए कोई प्रयास तक नहीं किये जा रहे है। जबकि यहां पर ब्लीचिंग पाउडर और क्लोरीन डाल दी जाए तो काफी हद तक यह बदबू दूर हो जाएगी। किन्तु नपा यहां पर किसी तरह का छिडकाव नहीं कर रही है।

#### प्रतिदिन निकलता है 35 से 40 टन कचरा

नगरपालिका द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहित किया जाता है। एक अनुमान से शहर के 33 वार्डो से लगभग प्रतिदिन 35 से 40 टन कचरा निकल जाता है और इस कचरे को शहर के समीप स्थित गौठाना के टे्रचिंग ग्राउंड में जमा किया जाता है। पहले आसपास ज्यादा मकान नहीं थे, लेकिन अब आबादी बढऩे के साथ-साथ मकानों का भी निर्माण हो गया है। ऐसे में हवा चलने पर ट्रेचिंग ग्राउंड का कचरा उडक़र घरों तक पहुंच जाता है और लोगों को गंदगी का सामना करना पड़ता है। रहवासी बताते है कि कचरे की दुर्गंध के कारण लोगों को सांस लेने में भी परेशानी आती है। कचरे के कारण मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ रहा है। यहां दूर-दूर तक लोग कचरे की दुर्गंध से परेशान है।

#### नये कचरे की प्रोसेसिंग समय पर नहीं

ट्रेंचिंग ग्राउंड में पुराने कचरे के निष्पादन के लिए ठेकेदार द्वारा बेलेस्टिक प्लांट और ट्रोमल मशीन के माध्यम से काम किया जा रहा है, लेकिन इसकी गति धीमी है। इसी के चलते नए कचरे की प्रोसेसिंग समय पर नहीं हो पा रही है। सबसे अधिक समस्या फ्रेश कचरे से हो रही है, जिससे आसपास के इलाकों में दुर्गंध फैल रही है। दुर्गंध के कारण स्थानीय रहवासियों का जीना मुश्किल हो गया है। हालांकि नगरपालिका का दावा है कि सीमित संसाधनों के बावजूद फ्रेश कचरे की प्रोसेसिंग की जा रही है, लेकिन हकीकत इससे अलग नजर आ रही है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### एमआरएफ सेंटर अधर में लटका

शहर में कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए 1.77 करोड़ रुपए की लागत से मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर बनाने की योजना अधर में लटक गई है। इस योजना के तहत सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग कर वैज्ञानिक तरीके से रिसाइक्लिंग होनी थी। नगरपालिका द्वारा इसका ले-आउट भी तैयार किया गया था, लेकिन स्थानीय लोगों के विरोध के चलते यह योजना फिलहाल ठंडे बस्ते में चली गई। रहवासी ट्रेचिंग ग्राउंड को आबादी क्षेत्र से बाहर करने की मांग पर अड़े हुए हैं। इसे लेकर आसपास के लोगों ने विरोध भी किया था। यहां तक कि ट्रेचिंग ग्राउंड जाने वाले मार्ग पर कई बार चक्काजाम तक किया जा चुका है।

#### खत्म होगा कचरा

पुराने कचरे का निष्पादन चल रहा है। पंद्रह से बीस दिनों में कचरे का ढेर खत्म हो जाएगा। फ्रेश कचरे को लेकर प्रोसेसिंग नहीं हो पा रही है। एमआरएफ प्लांट का काम भी शुरू नहीं हो सका है। इसलिए दिक्कतें बनी हुई हैं।

**- पंकज धुर्वे,**
सब इंजीनियर नगरपालिका बैतूल

### गौठाना का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से मिला

**बैतूल।** शहर से लगे गौठाना क्षेत्र में वर्षों से संचालित ट्रेंचिंग ग्राउंड की समस्या अब भी जस की तस बनी हुई है। बदबू, वायु प्रदूषण और संभावित जल प्रदूषण से परेशान गौठाना के हजारों रहवासी लगातार इसका विरोध कर रहे हैं, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है। दो दिन पहले क्षेत्र के रहवासियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर ट्रेंचिंग ग्राउंड को हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था। क्षेत्रवासियों का कहना है कि ट्रेंचिंग ग्राउंड हटाने के लिए वे वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। करीब 25 दिन पहले गौठाना के नागरिकों ने इस समस्या को लेकर सांकेतिक आंदोलन किया था। आंदोलन के दौरान प्रशासन की ओर से 15 दिन के भीतर ट्रेंचिंग ग्राउंड को उस स्थान पर स्थानांतरित करने का आश्वासन दिया गया था। क्षेत्रवासियों का कहना है कि उनकी प्रमुख मांग केवल इतनी थी कि यहां नया कचरा डालना तुरंत बंद किया जाए और पूरे ट्रेंचिंग ग्राउंड को यहां से हटाया जाए, लेकिन इसके बावजूद लगातार नया कचरा पहुंच रहा है।

---

### अविवाहित बताकर फंसाया

## फेसबुक पर दोस्ती कर दुष्कर्म आरोपी जवान गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया पर दोस्ती कर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले एक आर्मी जवान को महाराष्ट्र के अमरावती जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी संदीप धुर्वे पिछले एक साल से पुलिस को चकमा दे रहा था। उसने फेसबुक के जरिए महिला से दोस्ती की थी और खुद को अविवाहित बताकर संबंध बनाए। जिससे पीड़िता का एक बेटा भी है।

पुलिस ने मुखबिर और साइबर सेल की मदद से आरोपी को अमरावती जिले के वरुड़ क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है और उसे बैतूल लाकर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने पिछले साल 22 अप्रैल को अपने 3 वर्षीय पुत्र के साथ कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2021 में उसकी फेसबुक पर संदीप धुर्वे से पहचान हुई थी। संदीप ने खुद को अविवाहित बताकर उससे प्रेम संबंध बनाए और शादी का वादा किया। पीड़िता के गर्भवती होने पर आरोपी उसे महाराष्ट्र के परतवाड़ा और बाद में उत्तर प्रदेश के मेरठ में किराए के मकान में रखता रहा। वहीं पीड़िता की डिलीवरी भी कराई गई। जब पीड़िता ने शादी के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी ने शादी से साफ इनकार कर दिया। जांच में पता चला कि आरोपी पहले से ही विवाहित है। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी संदीप (34) पिता मूलचंद धुर्वे (निवासी परतवाड़ा) के खिलाफ धारा 376(2)(एन) और 506 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। उस समय आरोपी मेरठ के तोपखाना कैंट में पदस्थ था।

#### तबादला करवाकर दे रहा था चकमा, वरुड़ क्षेत्र से पकड़ाया

पुलिस के मुताबिक, आरोपी को अपने खिलाफ मामला दर्ज होने की जानकारी मिल गई थी। इसके बाद उसका तबादला मेरठ से मणिपुर के लीमाकोंग और फिर नागालैंड के जखामा पोस्ट पर हो गया। वह करीब एक साल तक छुट्टी पर घर नहीं आया और पुलिस को चकमा देता रहा। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी ट्रेन से अपने घर परतवाड़ा आ रहा है। आरोपी ने पुलिस को भ्रमित करने के लिए बस से आने की गलत जानकारी भी दी थी। कोतवाली पुलिस की विशेष टीम ने अमरावती जिले के वरुड़ क्षेत्र के पास दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### शादी का झांसा देकर बलात्कार करने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**बैतूल।** महिला के साथ शारीरिक संबंध (बलात्कार) करने वाले आरोपी को सारनी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फरियादीया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी रोहित सूर्यवंशी निवासी पाथाखेडा द्वारा फरियादिया के बच्चों का पालन पोषण करने का लालच व शादी का झांसा देकर उसके साथ सन 2022 से लगातार शारीरिक संबंध बनाये और शादी करने से मना कर दिया। फरियादिया की रिपोर्ट पर आरोपी रोहित सूर्यवंशी के विरूद्ध अपराध 69 बीएनएस का पाया जाने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी रोहित पिता रामा सूर्यवंशी उम्र 31 साल निवासी जेरी चौक शोभापर पाथाखेडा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जिला जेल बैतूल भेजा गया। इस कार्रवाही में निरीक्षक जयपाल इनवाती, उप निरीक्षक प्रीति पालेवार, प्रधान आरक्षक श्रीराम उईके और आरक्षक राजेन्द्र सैनिक राजेश की सराहनीय भूमिका रही।

---

### शेयर बाजार में मुनाफे का लालच देकर 46 लाख की साइबर ठगी

**बैतूल।** ऑनलाइन शेयर बाजार में निवेश के नाम पर साइबर ठगी का मामला प्रकाश में आया है, जिसमें अज्ञात जालसाजों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से शिकायतकर्ता से 46,07,649 (छियालीस लाख सात हजार छह सौ उनचास रुपये) की ठगी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता ने थाना बैतूल में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि मार्च 2026 के दौरान अज्ञात व्यक्तियों ने स्वयं को न्यू बैरी केपिटल प्राइवेट लिमिटेड ग्रुप एवं इंडिया इंफोलाइन लिमिटेड से जुड़ा बताकर फेसबुक के माध्यम से संपर्क किया। इसके बाद व्हाट्सएप ग्रुप में जोडक़र उसे शेयर बाजार में निवेश के लिए प्रलोभित किया गया। आरोपियों द्वारा शिकायतकर्ता को न्यू बैरी-882 एक्सीलेंस क्राईसल एवं आईएफएल प्रोफोशनल नामक फर्जी मोबाइल एप्लिकेशन डाउनलोड कराए गए। इसके पश्चात 4 फरवरी से 9 मार्च के मध्य विभिन्न किश्तों में कुल 46,07,649 की राशि निवेश की। जालसाजों द्वारा फर्जी ट्रेडिंग अकाउंट में 37,39,149 का लाभ प्रदर्शित किया गया, जिससे शिकायतकर्ता का विश्वास और बढ़ गया, किन्तु जब उसने राशि निकालने का प्रयास किया, तो उसका अकाउंट ब्लॉक कर दिया गया। आरोपियों द्वारा राशि निकालने के नाम पर 1,40,000 की अतिरिक्त मांग की गई, जिससे शिकायतकर्ता को ठगी का एहसास हुआ। शिकायत के आधार पर थाना गंज बैतूल में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) एवं 319(2) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### मां कर्मा देवी की जयंती मनाई




**शाहपुर।** साहू समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की 1010 वीं जयंती शाहपुर के विजय भवन में साहू समाज द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर भव्य रैली, शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा विभिन्न मार्गो से भ्रमण करती हुई विजय भवन प्रांगण में पहुंची। जहां मां कर्मा देवी की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में समाज साहू समाज के वरिष्ठ नागरिक, प्रतिभावान छात्र-छात्राएं एवं अतिथि गणों का सम्मान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। आयोजन के समय नगर परिषद शाहपुर के अध्यक्ष रोहित विक्की नायक शाहपुर भी उपस्थित रहे। साहू समाज के अध्यक्ष प्रदीप साहू द्वारा समाज के सभी लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

### चिचोली पुलिस ने 24 घंटे में किया आरोपी को गिरफ्तार

## महुआ बीनने को लेकर हुए विवाद में हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

चिचोली पुलिस ने हत्या के प्रकरण का खुलासा करते हुए 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादिया लक्ष्मी पति खुड्डा धुर्वे उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम सिंगरईखापा ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनका खेत तथा पड़ोसी राकेश धुर्वे का खेत आपस में लगा हुआ है, जिनकी मेड़ पर महुआ का पेड़ स्थित है।

महुआ सीजन में दोनों पक्ष उक्त पेड़ से महुआ बीनते हैं। 3 मार्च को प्रातः लगभग 9 बजे फरियादिया के पति खुड्डा धुर्वे महुआ बीनने खेत गए थे। इसी दौरान आरोपी राकेश धुर्वे ने महुआ बीनने की बात को लेकर गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों और मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद घायल



खुड्डा धुर्वे को उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उक्त प्रकरण में पुलिस ने पूर्व में मारपीट की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। उपचार के दौरान घायल खड्डा धुर्वे की मृत्यु होने पर धारा 103(1) बीएनएस सहित अन्य धाराओं (धारा 296(ए), 115(2), 351(2) बीएनएस एवं धारा 194 बीएनएसएस) से बढ़ाया जाकर हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी की तलाश शुरू की गई। जिला साइबर शाखा की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर आरोपी राकेश पिता फूलचंद धुर्वे उम्र 42 वर्ष निवासी सिंगरईखापा को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ कर घटना में प्रयुक्त सामग्री भी जप्त की गई है। आरोपी को न्यायालय बैतूल में पेश किया गया है। इस कार्रवाही में थाना प्रभारी चिचोली श्री हरिओम पटेल, उनि. गजेन्द्र भदौरिया, उनि. दिलीप यादव, प्रआर. सुनील राठौर, प्रआर. मुकेश उइके, प्रआर. शैलेश कुमार, आर. मनीष उइके, आर. कोमल मीना, आर. चालक हेमराज बरकड़े एवं आर. राजू उइके की सराहनीय भूमिका रही।

---

### अपर कलेक्टर ने मुलताई के ओलावृष्टि प्रभावित ग्रामों का किया निरीक्षण

# कोई भी प्रभावित किसान फसल सर्वे में न छूटे क्षति की रिपोर्ट बीमा पोर्टल पर भी दर्ज कराएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में ओलावृष्टि एवं वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे राजस्व, कृषि, पंचायत एवं उद्यानिकी विभाग के संयुक्त दल द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को अपर कलेक्टर वंदना जाट ने मुलताई क्षेत्र के प्रभावित ग्रामों का दौरा कर फसल क्षति का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम मुलताई राजीव कहार, तहसीलदार संजय बैरिया, सहायक यंत्री कृषि डॉ. प्रमोद मीणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर श्रीमती जाट ने ग्राम परमंडल, करपा एवं चंदौरा में किसानों के खेतों में पहुंचकर गेहूं, गोभी, टमाटर एवं प्याज की फसलों में हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से संवाद कर आश्वस्त किया कि कोई भी प्रभावित किसान सर्वे से नहीं छूटेगा। राजस्व, कृषि एवं पंचायत विभाग के दल द्वारा व्यवस्थित सर्वे कर फसल क्षति राहत की कार्यवाही शीघ्र की जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत पंजीकृत किसानों से अपील की कि वे अपनी फसल क्षति की सूचना बीमा कंपनी के निर्धारित नंबर एवं पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं।

#### कृषक फसल क्षति की सूचना दें

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बैतूल जिले के जिन किसानों की फसल जलभराव या अतिवृष्टि से प्रभावित हुई है, वे अपनी फसल क्षति की सूचना हेल्पलाइन नंबर 14447, व्हाट्सएप चैटबोट नंबर 7065514447 अथवा क्रॉप इंश्योरेंस एप के माध्यम से दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए किसान प्ले स्टोर से एप डाउनलोड कर लॉगिन करते हुए अपनी क्षति का विवरण दर्ज करें। यदि सूचना दर्ज करने में किसी प्रकार की समस्या आती है तो संबंधित कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है। किसानों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी फसल क्षति की सूचना अनिवार्य रूप से 72 घंटे के भीतर दर्ज कराएं, ताकि समय पर राहत की कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

### ई-टोकन से खाद वितरण में लापरवाही

## कलेक्टर ने वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आमला को किया निलंबित

**बैतूल।** प्रदेश में उर्वरक वितरण को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन द्वारा ई-विकास पोर्टल के माध्यम से ई-टोकन प्रणाली लागू की गई है।

शासन के निर्देशानुसार 1 अप्रैल 2026 से बिना ई-टोकन के उर्वरक विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध प्रभावी किया गया है। इसके बावजूद विकासखंड आमला में 7 खुदरा विक्रेताओं एवं 3 सहकारी समितियों द्वारा 42.805 मीट्रिक टन उर्वरक का विक्रय पीओएस मशीन के माध्यम से किया जाना सामने आया है। यह स्थिति उर्वरक वितरण व्यवस्था में निगरानी की गंभीर कमी और लापरवाही को दर्शाती है। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने उप संचालक कृषि के प्रतिवेदन के आधार पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आमला गोपाल साहू को निलंबित कर दिया है। शासन निर्देशों की अवहेलना एवं कर्तव्य के प्रति उदासीनता को म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के अंतर्गत कदाचार मानते हुए, म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत यह कार्रवाई तत्काल प्रभाव से की गई है। निलंबन अवधि के दौरान श्री साहू को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। साथ ही उनका मुख्यालय अनुविभागीय अधिकारी, कृषि अनुभाग बैतूल नियत किया गया है।

#### ई-टोकन से खाद वितरण में लापरवाही पर 2 कैडर प्रबंधक भी निलंबित

ई-टोकन प्रणाली के तहत खाद वितरण में अनियमितता पाए जाने पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी के निर्देश पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बैतूल के अंतर्गत अंधरिया एवं डगरिया के दो कैडर प्रबंधकों को भी निलंबित किया गया है। साथ ही जिले की सभी सहकारी संस्थाओं एवं निजी प्रतिष्ठानों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि उर्वरक का वितरण केवल ई-टोकन के माध्यम से ही सुनिश्चित किया जाए। निलंबन अवधि के दौरान संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा तथा उनके मुख्यालय नियमानुसार निर्धारित किए गए हैं।

खबर संक्षेप

## शासकीय शिक्षिका व उनके पति के प्रयास से महिला को वापस मिला राह में गिरा पर्स



**सोहागपुर।** भोपाल निवासी एक महिला का पर्स सोहागपुर थाना क्षेत्र में रविवार को गिर गया। पर्स सोहागपुर निवासी शासकीय शिक्षिका व उनके पति को मिला। जिन्होंने तकनीकी माध्यम का सहारा लेकर महिला को पर्स लौटाया। सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम बारंगी शासकीय स्कूल में पदस्थ प्रधानपाठिका कल्पना सूर्यवंशी व उनके पति बद्रीप्रसाद सूर्यवंशी रविवार दोपहर नवलगांव रोड होते हुए पिपरिया से आ रहे थे। जहां उन्हें बंदी छोड़ पिपरिया के समीप एक पर्स मिला। पर्स में एटीएम कार्ड, एक वोटर आईडी व कुछ नकदी रखे हुए थे। शिक्षिका ने उन साथी शिक्षकों से संपर्क किया जो बीएलओ का कार्य करते हैं। निर्वाचन एप के माध्यम से वोटर आईडी से संबंधित व्यक्ति का मोबाइल नंबर प्राप्त किया गया। पीड़ित पक्ष को फोन पर सूचना दी गई जो उस वक्त सेमरी हरचंद के आगे पहुंच चुके थे। दोनों ही पक्ष सोहागपुर थाने पहुंचे, जहां एसआई एसएस अली की उपस्थिति में रक्षा तिवारी उम्र 29 वर्ष निवासी बाग मुगलिया भोपाल को पर्स सौंपा गया। पर्स में दो एटीएम कार्ड, लाइसेंस, वोटर कार्ड, पैन कार्ड, 5000 रुपये नकदी रखे थे।

### मई माह में जनता को होगा समर्पित, होंगी बेहतर व्यवस्थाएं भी

# 55 लाख से बनेगा इटारसी का अनोखा एजुकेशन पार्क, खेल-खेल में सीखेंगे बच्चे

केंद्र सरकार की अमृत 2.0 योजना के तहत विकसित किया जा रहा यह 'एजुकेशन पार्क' अब अंतिम चरण में है। रविवार को नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने पार्षदों और विभागीय अधिकारियों के साथ पार्क का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के वार्ड क्रमांक 33, व्यंकटेश नगर में बच्चों और रहवासियों के लिए एक अनूठी सौगात तैयार हो गई है। केंद्र सरकार की अमृत 2.0 योजना के तहत विकसित किया जा रहा यह 'एजुकेशन पार्क' अब अंतिम चरण में है। रविवार को नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने पार्षदों और विभागीय अधिकारियों के साथ पार्क का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

### खेल के साथ पढ़ाई: इटारसी का पहला लर्निंग पार्क

यह पार्क इटारसी का अपनी तरह का पहला 'एजुकेशन पार्क' होगा, जहां बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ शिक्षा भी मिलेगी।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस पार्क

अमृत 2.0 योजना के तहत इस पार्क में आधुनिक सुविधाओं और पर्यावरण का विशेष ध्यान रखा गया है जिसमें ओपन जिम व प्ले एरिया: युवाओं के लिए व्यायाम उपकरण और बच्चों के लिए सुरक्षित झूले। शामिल हैं। वहीं ग्रीन बेल्ट व लैंडस्केपिंग, सघन पौधरोपण और हरियाली से भरपूर वातावरण। जो एक अलग ही अहसास कराता है।

### पर्यावरण संरक्षण की पहल

पार्क में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की भी विशेष व्यवस्था की जा रही है। ट्यूबवेल के पास एक पिट तैयार किया जा रहा है, जिसमें पार्क में गिरने वाला बारिश का पानी एकत्र होकर जमीन में समा सकेगा। इससे भूजल स्तर बढ़ाने में मदद मिलेगी और पानी का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा।

### लागत और लोकार्पण

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि पार्क के लिए कुल 67 लाख का बजट स्वीकृत था, लेकिन इसे 55 लाख की लागत में गुणवत्ता के साथ तैयार किया गया है। अगले एक महीने के भीतर इसका लोकार्पण कर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

**खास बातें**


- **दीवारों पर वर्णमाला:** पार्क की बाउंड्री वॉल पर अंग्रेजी और हिंदी वर्णमाला ए, आ, इ को आकर्षक ढंग से उकेरा गया है।
- **खेल-खेल में सीखना:** बच्चे खेलते हुए दीवारों पर लिखे अक्षरों को देखकर सहज रूप से पढ़ाई भी कर सकेंगे।
- **वॉकिंग ट्रैक:** सुबह-शाम टहलने वालों के लिए पेवर ब्लॉक से बना सुव्यवस्थित रास्ता।
- **बैठने की व्यवस्था:** वरिष्ठ नागरिकों के लिए आरामदायक बेंच।
- **एलईडी लाइटिंग:** रात में रोशनी के लिए ऊर्जा दक्ष लाइट्स आदि शामिल हैं।

### निरीक्षण में रहे उपस्थित

निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि रमेश धुरीया, एल्डरमैन आशीष कुमार मालवीय, इंजीनियर मयंक अरोरा और सुरेंद्र रावत मौजूद रहे।

## पुरानी इटारसी में दो महीने से नलों में आ रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर के पुरानी इटारसी क्षेत्र में पिछले दो महीनों से सरकारी नलों के माध्यम से दूषित और बदबूदार पानी की आपूर्ति हो रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नलों से निकलने वाला पानी इतना गंदा है कि इसका उपयोग करना स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन गया है।लंबी दूरी के लिए बस और रेल की सेवाएं।

क्षेत्रीय नागरिकों और पार्षद शिवकिशोर रावत ने बताया कि इस समस्या को लेकर नगर पालिका प्रशासन को अनेक बार लिखित और मौखिक शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। गंदे पानी की आपूर्ति से क्षेत्र में जलजनित बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है।

स्थानीय लोगों में नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर भारी नाराजगी है। रहवासियों का आरोप है कि प्रशासन शायद इंदौर जैसी किसी बड़ी जनहानि या जल संकट वाली दुर्घटना का इंतजार कर रहा है, तभी इतनी शिकायतों के बाद भी अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। जनता ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## चेतावनी के बाद भी रेड जोन क्षेत्र में की जा रही अवैध पार्किंग

**सोहागपुर।** सोहागपुर नगर परिषद ने गत दिनों व्यापारियों की मांग पर सिविल कोर्ट चौराहे पर स्थल संकेतक बोर्ड लगाए हैं। एक बोर्ड में उल्लेख है कि उक्त क्षेत्र नप का रेड जोन है। जहां अवैध पार्किंग एवं व्यावसायिक या व्यापारिक गतिविधि प्रतिबंधित होगी। लेकिन आदेश व सूचना का कोई असर नहीं हो रहा है। उक्त क्षेत्र में नियमित व्यापारिक गतिविधियां की जाती हैं तथा दिनभर वाहन पार्क किये जाते हैं। नागरिकों का कहना है कि नगर निकाय को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।



## भोपाल शहर के 'इकबाल मैदान' के बाद अब 'इकबाल सम्मान' पर भी उठ रहे कई सवाल

### सामाजिक कार्यकर्ता ने एनएचआरसी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में 'इकबाल मैदान' के नामकरण को लेकर चल रहे विवाद के बीच अब राज्य के प्रतिष्ठित 'इकबाल सम्मान' को लेकर भी विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं। इटारसी के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता और लेखक मिलिंद रोंघे ने इस संबंध में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष को पत्र लिखकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है।

### कार्रवाई की मांग

मिलिंद रोंघे ने पत्र में तर्क दिया है कि यदि आयोग ने मैदान के नामकरण पर स्पष्टीकरण मांगा है, तो उर्दू साहित्य के लिए दिए जाने वाले 'इकबाल सम्मान' पर भी तत्काल संज्ञान लिया जाना चाहिए।

### संदर्भों का हवाला

लेखक रोंघे ने अपने पत्र में डॉ. बी.आर. अंबेडकर और रामधारी सिंह दिनकर जैसे महान विचारकों की कृतियों का संदर्भ देते हुए इकबाल की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने इकबाल को भारत विभाजन का वैचारिक आधार तैयार करने वाला बताया है।

### दी थी जानकारी

उन्होंने उल्लेख किया कि फरवरी 2025 में भी वे नर्मदापुरम कलेक्टर और आयुक्त को इन तथ्यों से अवगत करा चुके हैं। प्रतिष्ठित गौरतलब है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा 1986-87 से निरंतर उर्दू साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को सम्मान दिया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा उठाए गए इन सवालों ने एक नई बहस छेड़ दी है। पत्र की प्रतियां राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोग के विभिन्न सदस्यों को भी प्रेषित की गई हैं।

## पचमढ़ी अतिक्रमण को लेकर एसडीएम आईएएस आकिब खान ने बुलाई उच्च स्तरीय बैठक

### बैठक में हुआ निर्णय, विधिवत हटाया जाएगा अतिक्रमण, पचमढ़ी की प्राकृतिक सुंदरता को बचाना होगी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी में लंबे समय से लंबित अतिक्रमण की समस्या को सुलझाने के लिए प्रशासन ने अब कमर कस ली है। शनिवार को पचमढ़ी के साडा कार्यालय में एसडीएम पिपरिया आकिब खान की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में पचमढ़ी के साडा क्षेत्र, छावनी परिषद (कैंट) क्षेत्र और डीओ क्षेत्र में फैले अतिक्रमणों को हटाने और विस्थापन की प्रक्रिया पर गंभीर मंथन किया गया।

एसडीएम आकिब खान ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को तलब कर वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। बैठक में मुख्य रूप से निम्नलिखित बातें सामने आयीं। संयुक्त कमेटी का गठनः एक विशेष कमेटी बनाई जाए जो पचमढ़ी के शेष बचे अतिक्रमणों का सूक्ष्म सर्वे करेगी।




### डेटा रिपोर्ट तैयार करना

कमेटी यह रिपोर्ट तैयार करेगी कि किन अतिक्रमणकारियों का विस्थापन पहले ही तय हो चुका है और किनकी प्रक्रिया अभी शेष है।यदि सभी प्रक्रियाएं नियमानुसार और समय पर पूरी हो जाती हैं, तो कमेटी अतिक्रमण हटाने की अंतिम तिथि भी तय करेगी।

### समय-समय पर यह बड़ी कार्रवाइयां हुई

2008-09 उच्च न्यायालय के आदेश के बाद पचमढ़ी के मुख्य बाजार और साडा क्षेत्र से सैकड़ों अवैध निर्माण हटाए गए थे।

2016-17 इस दौरान वन विभाग और प्रशासन ने संयुक्त रूप से देव क्षेत्र और संरक्षित वन भूमि पर बने अवैध होटलों और ढाबों पर बड़ी कार्रवाई की थी।

2021 पचमढ़ी में मास्टर प्लान के उल्लंघन और कैंट क्षेत्र की भूमि पर काबिज अवैध झुग्गी-बस्तियों को हटाने का नोटिस जारी किया गया था। 2023 पर्यटन सीजन के दौरान यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए फुटपाथों और सड़कों के किनारे से अस्थाई अतिक्रमण साफ किए गए थे।

### विस्थापन बना सबसे बड़ी चुनौती

पचमढ़ी में अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया अक्सर 'विस्थापन' के कारण रुक जाती है। कई परिवार दशकों से यहाँ काबिज हैं। प्रशासन की प्राथमिकता है कि जिनका विस्थापन तय हो चुका है, उन्हें पहले शिफ्ट किया जाए ताकि कानून-व्यवस्था की स्थिति न बिगड़े।

### प्राकृतिक रूप से बचाना : तहसीलदार

तहसीलदार वैभव बैरागी ने कहा कि हम सभी विभागों के साथ समन्वय कर एक स्पष्ट डाटा तैयार कर रहे हैं। नियम अनुसार विस्थापन की प्रक्रिया पूरी होते ही शेष अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। हमारा उद्देश्य पचमढ़ी के प्राकृतिक स्वरूप को बचाना और नियमानुसार विकास करना है।

## शहीद भगत सिंह कालेज के एससी के छात्र से भेदभाव किए जाने की हुई शिकायत

### अब तक छात्रवृत्ति नहीं मिलने से परेशान छात्र, सौंप चुके हैं आवेदन नहीं हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया शहीद भगत सिंह कालेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव माहेश्वरी पर एक बार फिर एस सी एस टी के छात्र छात्राओं ने भेदभाव करने का आरोप लगाया है।

छात्र क्षितिज मेहरा ने शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें बताया गया है।कि 20जनवरी 2026को आवेदन किया गया था। आनलाइन जिसे आज अप्रैल माह में भी सत्यापित नहीं किया गया है। फिर 5 मार्च 2026 को प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव माहेश्वरी को सामुहिक ज्ञापन सौंपा गया था। फिर 7 अप्रेल 2026 को परीक्षा फार्म जमा करने की अंतिम तारीख में यदि समय पर छात्रवृत्ति योजना का लाभ नहीं दिया गया तो आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। छात्रवृत्ति भी नहीं मिली तो परीक्षा से वंचित रह जाता है। विद्यार्थी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान को भी आवेदन किया गया है। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। लगातार 6माह से छात्र छात्राओं ने मांग की है।पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है।आज तक स्टेशनरी का वितरण नहीं किया गया है। इस विषय में प्राचार्य डॉ राजीव माहेश्वरी का कहना है।कि तकनीकी खराबी के कारण परेशानी हो रही है।शीघ्र ही प्रदान कर दी जाएगी। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान का कहना है आवेदन किया गया था।जिसे संबंधित अधिकारी के पास भेज दिया गया है।

## विधायक नागवंशी बने विधानसभा में कृषि सभापति

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया विधानसभा क्षेत्र 139के लगातार 4बार से अजेय विधायक ठाकुरदास नागवंशी को केंद्रीय कृषि मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा विधायक ठाकुरदास नागवंशी को मध्य प्रदेश विधानसभा में कृषि विभाग की कृषि समिति के सभापति नियुक्त किया गया है। विधायक की लगातार उपलब्धि हासिल करने वाले तथा विधानसभा क्षेत्र में लगातार 18 वर्ष में लगभग 1अरब रुपए खर्च किए गए हैं।सी सी रोड की जाल शहर से लेकर सभी गांवों तक। नालीयों नालों के निर्माण टेंकर, शवदाहगृह, स्वेच्छा अनुदान निधि योजना में प्रतिवर्ष सैंकड़ों मतदाताओं को लाभान्वित किया गया है।भजन मंडली को भी बाध्य यंत्र भी प्रदान किए गए हैं। नगरपालिका में फायर ब्रिगेड,शव वाहन सहित अन्य सभी सुविधाएं विधायक की ही दैन है। सभापति नियुक्त होने पर रात्रि से ही सोसल मीडिया के माध्यम से उनके निवास पर शुभकामनाएं बधाई दी गई है।

## चौरिया कुर्मी समाज का 'मिशन अक्षय तृतीया' : 7 सेक्टरों में निमंत्रण, 20 अप्रैल को होगा महासम्मेलन

**इटारसी।** नर्मदा अंचल चौरिया कुर्मी समाज सेवा समिति द्वारा अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां अब चरम पर हैं। इस विशाल आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरे जिले को 7 अलग-अलग सेक्टरों में विभाजित किया गया है, जहां समाज की टीमें वरिष्ठों के मार्गदर्शन में घर-घर पहुंचकर निमंत्रण पत्र बांट रही हैं। एक माह से जारी इस सघन अभियान में ग्रामीण और शहरी दोनों ही अंचलों को पूरी सक्रियता के साथ कवर किया जा रहा है। संगठन के अध्यक्ष शंभू दयाल पटेल ने जानकारी दी कि सम्मेलन के लिए अब तक 30 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है। उन्होंने उन परिवारों से विशेष अपील की है जो अपने बेटे-बेटियों का विवाह इस आदर्श सम्मेलन में कराना चाहते हैं, कि वे 15 अप्रैल की अंतिम तिथि तक अपना पंजीयन अनिवार्य रूप से करा लें। 14 अप्रैल तक आमंत्रण अभियान पूर्ण होने के बाद, समिति द्वारा विवाह सामग्री की खरीदी और अंतिम व्यवस्थाओं का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस पूरे निमंत्रण अभियान में समाज के युवाओं ने मिसाल पेश की है। तपती धूप और रातों की परवाह किए बिना युवा कार्यकर्ता हर परिवार तक पहुंच रहे हैं ताकि समाज का कोई भी सदस्य इस आयोजन से अछूता न रहे। युवाओं के इस जज्बे ने आयोजन की सफलता की नींव मजबूत कर दी है। संगठन ने समस्त सामाजिक जनों से इस विराट आयोजन में सहभागिता करने और अपनी-अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहयोग प्रदान करने का निवेदन किया है।

## निशुल्क कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण शिविर आज

**सोहागपुर।** चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल बैरागढ़ भोपाल द्वारा जिला अंधत्व निवारण समिति के सौजन्य से आज सोहागपुर में निःशुल्क कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण शिविर किया जाऐगा। यह शिविर सोहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक होगा। सोहागपुर बीएमओ डॉ. रेखासिंह गौर तथा नेत्र सहायक अशोक शाक्य ने बताया कि शिविर में मोतियाबिंद जांच, मोतियाबिंद का ऑपरेशन, कृत्रिम लैंस का प्रत्यारोपण टांका रहित एवं फेको पद्धति द्वारा करने के मरीज चिन्हित किये जाऐंगे।

## पंचायती बड़ा अखाड़े उदासीन निर्माण जमात का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत राइखेडी में पंचायती राज बड़ा अखाड़े के साधुओं की उदासीन निर्माण जमात का आगमन हुआ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी नगर अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत सम्मानित किया गया। साधुओं से आशीर्वाद प्राप्त किया।इस दौरान हरीश सहित अनेक साधुओं को सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में बेमन सुनीत पुरोहित सहित अन्य सभी शामिल हुए।टुरिसट होटल के संचालक हरिशंकर जायसवाल पूर्व विधायक राजीव जायसवाल सहित अन्य सभी लोगों ने स्वागत सम्मानित किया गया। भगवान का पूजन किया गया।राइखेडी में सभी महन्त जनपद पंचायत सदस्य आशीष पुरोहित सहित अन्य सभी शामिल हुए।

### अधिकारी कर रहे बच्चों को प्रेरित

'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम आयोजित

## बच्चों छोड़ों गांव से हूं की सोच और पढ़ो तो ही आगे बढ़ोगे: सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



बच्चों यदि सोचोगे कि मैं गांव से व अशिक्षित परिवार से हूं, तो आगे नहीं बढ़ पाओगे। यह सोच छोड़कर पढ़ाई करोगे तो आगे बढ़ोगे। यह बात सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने गत दिवस शासकीय कन्या शाला सोहागपुर में 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम में विद्यार्थियों से कही। इस दौरान बीईओ राकेश उइके उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा शिक्षा क्षेत्र में विद्यार्थियों की रुचि जगाने एवं अधिकारियों की सहभागिता के लिए 'भविष्य से भेंट' का नवाचार इस सत्र में शुरू किया गया है। जिसमें गत दिवस शासकीय कन्या शाला सोहागपुर में नप सीएमओ धर्मेन्द्र शर्मा तथा बीईओ राकेश उईके उपस्थित हुए। इस दौरान नप सीएमओ धर्मेन्द्र शर्मा ने छात्र-छात्राओं को बताया कि वे स्वयं मुरैना जिले के एक छोटे से गांव से हैं। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा गांव के स्कूल से ही प्राप्त की और फिर आगे बढ़ते गए। ऐसे ही अन्य बच्चे भी शहर सोहागपुर में शिक्षित होकर निज योग्यता के बल पर बड़े पदों पर पहुंच सकते हैं। शर्मा ने कहा कि आप बच्चों में से ही कोई भविष्य में एसडीएम या तहसीलदार या अन्य किसी भी पद पर पहुंच सकते है। लेकिन इसके लिए सतत अध्ययन करना चाहिए। बीईओ राकेश उईके ने कहा कि मोबाइल का उपयोग अच्छी एवं महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने के लिए किया जाना चाहिए। इस दौरान स्कूल प्रबंधन से स्टाफ कर्मी उपस्थित थे।

## नवांकुर संस्था ने पक्षियों के लिए पानी के सकोरे लटकाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति विकासखंड माखननगर जिला नर्मदापुरम तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति माना गांव द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सेक्टर 04 के ग्राम मानागांव में भी पक्षियों हेतु पानी पीने के लिए सार्वजनिक स्थान और वृक्षों पर मिट्टी के सकोरे बांधकर और उनमें जल भरकर सेवा का संकल्प लिया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति अध्यक्ष नीतिराज सिंह यादव, शिव शक्ति ट्रेडर्स संचालक बृजमोहन यादव पूर्व भारतीय सैनिक, सुरेश यादव परामर्शदाता, सुरेंद्र पटेल, पूनमचंद अहिरवार, शुभम् गोस्वामी गूजरवाड़ा, रुपेश यादव कोटगांव, एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मानागांव अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, हरिनारायण यादव, चिमनलाल यादव,सुनील यादव , किशोर कहार, ऋषि विश्वकर्मा ,दिलीप यादव समिति सदस्य उपस्थित रहे।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा ग्राम बांसखापा स्थित कृषि भूमि का खसरा कमशः 116/2, एवं 116/4 कुल रकबा 07 एकड़ एवं 2.832 हेक्टेयर है जो कि ग्राम लांघा बम्हौरी एवं बांसखापा के मेढ़े से लगा हुआ है जिसका विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 20/04/2025 को दोनों भूमि स्वामियों से 1. बेलाबाई पत्नी लालचंद कतिया 2. लक्ष्मीबाई पत्नी लालचंद कतिया दोनों निवासी इंदिरा वार्ड सोहागपुर वालों से उनके स्वामित्व व हक एवं कब्जे की कृषि भूमि 7 एकड़ का सौदा 1150000 रूपया प्रति एकड़ के हिसाब से रूपया 8050000/- (अस्सी लाख पचास हजार रुपए) में तय हुआ था। तब मेरे पक्षकार ने तय सौदे की बयाना राशि 300000/- (तीन लाख रुपए) नगदी मेरे पक्षकार द्वारा दिनांक 20/04/2025 को दो गवाहों के समक्ष अनुबंधकर्ताओं को अदा की गई थी। और दोनों अनुबंधकर्ताओं से विक्रय अनुबंध पत्र लेख करते यह भी तय हुआ था कि दोनों अनुबंधकर्ता विक्रय की जा रही कृषि भूमि का पहले विधिवत आवेदन देकर सीमांकन एवं चौहदी की स्थिति स्पष्ट तहसील कार्यालय से सीमांकन कराएंगे। उसके बाद उक्त भूमि का बैनामा मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित करेंगे। परंतु मेरे पक्षकार को ऐसा विश्वास हो गया है कि अनुबंधकर्ता उक्त कृषि भूमि का बेनामा नहीं कर हीलाहवाला कर रहे हैं और अन्य किसी व्यक्ति से अनुबंध/ बैनामा करना चाहते हैं। चूंकि उक्त सौदा मेरे पक्षकार के द्वारा 20/04/2025 को विधिवत किया गया था तथा अनुबंधकर्ता के द्वारा सहर्ष स्वीकार कर अपने अपने हस्ताक्षर एवं अंगूठा निशानी गवाहों के समक्ष अंकित की गई थी। अतः मेरे द्वारा आम एवं खास व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि अनुबंधकर्ता गणों से कृषि भूमि खसरा कमशः 116/2, एवं 116/4 कुल रकबा 07 एकड़ क्रय/विक्रय अनुबंध न करें। यदि किसी अन्य व्यक्ति या संस्था के द्वारा उपरोक्त अनुबंधकर्ता गणों से कोई अनुबंध/ बैनामा किया जाता है तो मेरा पक्षकार 1. बेलाबाई पत्नी लालचंद कतिया 2. लक्ष्मीबाई पत्नी लालचंद कतिया एवं अन्य अनुबंधकर्तागणों के विरूद्ध सक्षम न्यायालय में दावा पेश करेगा तथा दावे में होने वाले समस्त हर्जे खर्चे का जिम्मेदार होगा। अतएव सूचना जारी।

भवदीय श्री रामेश्वर कहार अधिवक्ता
सिविल कोर्ट सोहागपुर तह. सोहागपुर
जिला नर्मदापुरम् (म.प्र.)
पिन-461771 मो.-7000206040

## खबर संक्षेप

### खालसा कप क्रिकेट का खिताब भाटिया इलेवन ने जीता

**हरदा।** नेहरू स्टेडियम में आयोजित खालसा कप क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब भाटिया इलेवन ने जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में भाटिया इलेवन ने स्कार्पियो सनावद की टीम को 25 रनों से हराया। यह प्रतियोगिता श्री गुरुद्वारा दशमेश दरबार साहिब के तत्वावधान में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थी। चार दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के अलावा गुजरात और महाराष्ट्र की कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया। रविवार को खेले गए फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भाटिया इलेवन ने निर्धारित 10 ओवर में 157 रन बनाए। इसमें सिद्दू ने 70 और गोविंद ने 50 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। 158 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्कार्पियो सनावद की टीम दूसरी पारी में मात्र 132 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिससे भाटिया इलेवन ने 25 रनों से जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के समापन पर पूर्व मंत्री कमल पटेल और ज्ञानी राजवीर सिंह जी ने विजेता टीम भाटिया इलेवन को 51 हजार रुपए का पुरस्कार प्रदान किया। वहीं, उपविजेता सनावद की टीम को सुरजीत बजाज की ओर से 31 हजार रुपए का इनाम और ट्रॉफी दी गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कमल पटेल ने कहा कि सामाजिक क्षेत्रों में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन बेहद जरूरी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि खेलों से बच्चों और युवाओं का न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना भी जागृत होती है। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम और सौहार्द का माहौल बनता है।

### कैलाश बगाना का भाजपा कार्यालय में किया स्वागत

**सीहोर।** शनिवार को को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सीहोर में भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा की अध्यक्षता में नवनियुक्त भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष कैलाश बगाना का पुष्पहारों से भव्य स्वागत सम्मान किया गया और आशा व्यक्त की गई कि आपके नेतृत्व में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा को और अधिक मजबूति मिलेगी। इस अवसर पर हरीश कौशल भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य, शरण वाल्मीकि अनुसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, प्रेम नारायण गौर भाजपा समर्थक मंच, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमान सुनील ताम्रकार, नगर अध्यक्ष सुधीर प्रजापति, नगर अध्यक्ष वार्ड 19 के पार्षद नरेंद्र राजपूत, आशीष पचौरी जिला कार्यालय मंत्री, राजेश अहिरवार अनुसूचित जाति परिषद नगर अध्यक्ष सीहोर, प्रमोद कौशल भारतीय बेलदार जन जागरण लूनिया महासभा के जिला अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### 6 से 9 अप्रैल तक लगेंगे पुस्तक मेले

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को उचित मूल्य पर पुस्तकें, स्टेशनरी एवं यूनिफार्म उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के सभी विकासखंडों में 6 से 9 अप्रैल तक विकासखंड स्तरीय पुस्तक मेलों का आयोजन किया जाएगा। सीहोर के एमएलबी स्कूल, आष्टा के शासकीय संदीपनी स्कूल, इछावर के शासकीय संदीपनी स्कूल, बुधनी के शासकीय संदीपनि स्कूल और भैरूंदा के शासकीय संदीपनी स्कूल में 6 से 9 अप्रैल तक प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे पुस्तक मेले आयोजित किए जाएंगे।

### जनजातीय बालक आश्रम में रिक्त सीटों पर प्रवेश आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा सीहोर में संचालित जनजातीय बालक आश्रम अंग्रेजी माध्यम में शिक्षण सत्र 2026-2027 में रिक्त 20 सीट के पर कक्षा छठवी एवं सातवी में नवीन प्रवेश के लिए विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए है। कक्षा छठवीं एवं सातवीं में प्रवेश ऑनलाईन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से मेरिट के आधार पर किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा 21 अप्रैल को प्रातः 11.00 बजे से जनजातीय बालक आश्रम सीहोर में आयोजित की जायेगी।

### लंगड़ी प्रतियोगिता के साथ कार्यक्रम का समापन किया

# पर्यावरण जागरूकता अभियान में 8 मंडलों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव



ग्राम पंचायत बड़वानी में संचालित किशोर-किशोरी संसाधन केंद्र के अंतर्गत चल रहे पर्यावरण जागरूकता अभियान का समापन पर्यावरण जागरूकता लंगड़ी प्रतियोगिता के रूप में किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 8 मंडलों—भोपाल, खंडवा (सिंगाजी), फुलडी, रतनपुर, बर्जरी, जड़काऊ, आमसागर और खुमी—के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओ द्वारा गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से आमजन में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

प्रतिभागियों ने स्वच्छता, पौधरोपण, जल संरक्षण और आदिवासी संस्कृति जैसे विषयों पर आधारित गीत प्रस्तुत कर लोगों को प्रेरित किया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि दैनिक जीवन में छोटे-छोटे प्रयासों से भी पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित किया जा सकता है। फाइनल मुकाबले के साथ इसका समापन हुआ। फाइनल में रतनपुर और फुलडी मंडल ने संयुक्त रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिन्हें विधायक अभिजीत शाह एवं ग्रामवासियों द्वारा 11,000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। वहीं सिंगाजी और भोपाल मंडल को 8,000 रुपये की राशि ग्राम पंचायत बड़वानी के स्टेकहोल्डर्स द्वारा दी गई। बर्जरी और जड़काऊ मंडलों को क्रमशः 2,500 और 1,500 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। सभी मंडलों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम के पश्चात आदिवासी संस्कृति डांस आयोजित करवाया गया जिसमे होशंगाबाद, बेतुल व स्थानीय टीमों ने भाग लिया ओर रंगारंग प्रस्तुतिया प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी गीतों के माध्यम से जागरूकता फैलाने का सराहनीय प्रयास किया गया, जिससे लोगों में उत्साह और सकारात्मक संदेश का प्रसार हुआ। लगभग 5,000 लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाया तथा दर्शकों ने प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण के महत्व को गहराई से समझा। इस अवसर पर टिमरनी विधानसभा के विधायक अभिजीत शाह, कवि मुकेश पांडे, ग्राम पंचायत बड़वानी के सरपंच सुनील साठे सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में श्रवण जोशी एवं अकरम ने अपनी भूमिका निभाई। जबकि संचालन शिवशंकर ढोलिया द्वारा किया गया। श्रीचंद्र पवार, रक्षा हिरवा एवं संजू उइके उपस्तिथ रहे।

### प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया

# कांग्रेसी मुद्दों को लेकर 9 को प्रदेश भर में कलेक्ट्रेट घेरेंगे: पटवारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी शनिवार देर शाम हरदा पहुंचे। उन्होंने यहां किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेश पटेल गोयल की नर्मदा परिक्रमा के बाद आयोजित भंडारे में हिस्सा लिया। इस दौरान पटवारी ने पत्रकारों से बात करते हुए मध्य प्रदेश की मोहन सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। पटवारी ने दावा किया कि पूरे मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार फैल गया है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई परिवार नहीं बचा, जो भाजपा सरकार की नीतियों का शिकार न हुआ हो। उन्होंने गेहूं खरीदी में देरी को लेकर सरकार पर किसानों के साथ 'षड्यंत्र' रचने का आरोप लगाया। पटवारी के अनुसार, सरकार जानबूझकर गेहूं खरीदी देर से शुरू कर रही है, ताकि जरूरतमंद किसान अपना गेहूं खुले बाजार में कम दामों पर बेचने को मजबूर हों।पटवारी ने बारदाने की व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में गेहूं खरीदी के लिए 10 करोड़ बारदानों की आवश्यकता थी, लेकिन सरकार ने केवल ढाई करोड़ बारदानों की व्यवस्था की। उन्होंने इसे एक 'अपराध' बताया। कांग्रेस नेता ने घोषणा की कि सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ 9 अप्रैल को पूरे प्रदेश में कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन के जरिए कांग्रेस सरकार का 'असली चेहरा' आम किसान परिवारों के सामने लाएगी। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस का दायित्व है कि वह भाजपा को सरकार से मुक्ति दिलाए, तभी इस समस्या से निजात मिल पाएगी।

# शिविर में 304 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

विश्व नवकार दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को खिरकिया में एक भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन समता परिसर में किया गया। यह पहल श्री श्वेतांबर जैन श्री संघ, खिरकिया एवं वेलनेस सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ अपनी सेवाएँ प्रदान की। हाथ-पैर और जोड़ों के दर्द, गठिया, साइटिका, लकवा एवं न्यूरो संबंधी रोगों का उपचार के लिए डॉ अमन गिरी, डॉ शिवम सातनकर, डॉ प्रेरणा धमनानी अग्रवाल तथा डॉ शिवम अवस्थी एवं डॉक्टर आदर्श शुक्ला ने सेवाएं दी। आशीष समदड़िया ने बताया कि आयोजक की महत्वपूर्ण भूमिक श्वेतांबर जैन श्री संघ खिरकिया एवं सरपंच संघ, खिरकिया रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री संघ के सेवा भावना में सदैव सक्रिय भूमिका निभाते वाले सदस्यगण पवन मुणोत रूपेश भंडारी,मयूर विनायक, पारस चोरड़िया, रौनक सांड, अमम समदड़िया, श्रेणिक भंडारी, पंकज कोटेचा, राजकुमार रांका, निर्मल विनायक, मोहन सोनी, पनराज मुणोत, बसंत भंडारी एवं समता महिला मंडल सहित नगर के बद्रीप्रसाद पटेल, रानू पटेल, सुनील जैन, अजीत राजपाल, यश पांडे, दिनेश अग्रवाल, आनंद टैगोर आदि की सक्रिय सेवा सराहनीय रही।

### इंडियन डेंटल एसोसिएशन का स्थापना समारोह संपन्न

# अध्यक्ष बनी डॉ. मेधा, आदर्श कोषाध्यक्ष व विपुल सचिव बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



इंडियन डेंटल एसोसिएशन की हरदा शाखा का स्थापना समारोह और मुख्य व्याख्यान रविवार को होटल बागबान में आयोजित किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में इंडियन डेंटल एसोसिएशन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. जी.डी. अवधीया, मानद सचिव डॉ. राजीव श्रीवास्तव और इंडियन डेंटल एसोसिएशन सेंट्रल काउंसिल के सदस्य डॉ. मनीष वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हरदा जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारी, जिले के 35 दंत चिकित्सक और खातेगांव व सतवास के युवा चिकित्सक भी शामिल हुए। सभी ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। डॉ. अमित भारद्वाज ने डिजिटल डेंटिस्ट्री विषय पर एक मुख्य व्याख्यान दिया।

उन्होंने आधुनिक दंत चिकित्सा में डिजिटल तकनीकों के महत्व और उपयोग पर प्रकाश डाला। व्याख्यान के बाद प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें चिकित्सकों ने अपने प्रश्न पूछे। मानद सचिव डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने डॉ. अमित भारद्वाज को सम्मानित किया। इसके बाद ब्रांच इंस्टॉलेशन समारोह का शुभारंभ हुआ। डॉ. प्रियंका शुक्ला ने अतिथियों का परिचय कराया और उनका सम्मान किया गया, जबकि डॉ. रितिका विजयवर्गीय ने स्थानीय पदाधिकारियों का परिचय दिया।

अध्यक्ष डॉ. जी.डी. अवधीया ने अपने संबोधन में संगठन की भूमिका और दंत चिकित्सकों के योगदान पर विचार व्यक्त किए। मानद सचिव डॉ. राजीव श्रीवास्तव और डॉ. मनीष वर्मा ने भी अपने विचार साझा किए। शपथ ग्रहण समारोह में नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। डॉ. विपुल बांगर्ड ने सचिव पद की और डॉ. आदर्श भारद्वाज ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की। नव-निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. मेधा विवेक भुस्कुटे, जो टिमरनी की कृत्रिम दंत शास्त्र विशेषज्ञ हैं, ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में संगठन के भविष्य के लक्ष्यों और योजनाओं को साझा किया। उन्होंने तंबाकू के बारे में सामुदायिक जन-जागरूकता और स्कूल आउटरीच कार्यक्रमों को शाखा की आगामी प्रमुख गतिविधियों के रूप में रेखांकित किया। इस अवसर पर, कार्यक्रम के सह-प्रायोजक एच.सी.जी. ग्रुप इंदौर से आए कैंसर सर्जन डॉ. प्रणय भंडारी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशा बांगड़ और डॉ. श्रेया अग्रवाल ने किया। अंत में, डॉ. विपुल बांगर्ड ने आभार प्रदर्शन किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा की बैठक हुई, 8 को ज्ञापन देंगे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिला हरदा की बैठक गुप्तेश्वर मंदिर हरदा में आयोजित की गई। जिसमें अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर जिला स्तर पर 8 अप्रैल को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को दिया जाएगा। जिसमें प्रमुख मांग पूर्व से नियुक्त अध्यापक संवर्ग के शिक्षकों की टेट परीक्षा रद्द करने एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करने की मांग प्रमुख है।

गुप्तेश्वर मंदिर प्रांगण में मोर्चा के समस्त संगठन ने उपस्थित होकर 8 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या मंल जिला स्तर पर उपस्थित होकर ज्ञापन में शामिल होने की अपील की गई।

# महिला को चेक बाउंस मामले में 6 माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिले के नांदरा गांव की एक महिला को चेक बाउंस मामले में छह माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई गई है। यह सजा मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत लिए गए ऋण का भुगतान न करने और चेक बाउंस होने के कारण दी गई। न्यायालय ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। अधिवक्ता शिव विलास सराफ ने बताया कि अभियुक्त सुनीता पति बृजलाल सोलंकी निवासी नांदरा ने शासकीय योजना मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 1 लाख रुपए का ऋण लिया था। महिला द्वारा ऋण राशि का भुगतान नहीं किया गया, जिसके कारण उनके खाते में 86 हजार 740 रुपए बकाया हो गए थे। सुनीता सोलंकी ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की अबगांवखुर्द शाखा के बचत खाते का एक हस्ताक्षरित चैक दिया था। खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण यह चैक बाउंस हो गया। इसके बाद बैंक ने महिला के खिलाफ धारा 138 के तहत प्रकरण दर्ज कराया था। पुलिस ने इस मामले में चालान कोर्ट में पेश किया था। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रेमदीप शाह ने अभियुक्त महिला को चैक बाउंस के अपराध में दोषी पाया। न्यायालय ने उन्हें 6 माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई। इसके अतिरिक्त, न्यायालय ने सुनीता सोलंकी को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की हरदा शाखा को प्रतिकर के रूप में 93 हजार 865 रुपए का भुगतान करने का आदेश दिया। यदि महिला यह राशि अदा नहीं करती है, तो उन्हें छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे

# जनगणना के तहत पहले चरण की शुरुआत 16 से होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जनगणना 2027 के तहत प्रथम चरण की शुरूआत 16 अप्रैल से होगी। इस ऐतिहासिक चरण में 16 से 30 अप्रैल 2026 के बीच नागरिक स्व-गणना प्रक्रिया के माध्यम से अपने परिवार और घर की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। संयुक्त कलेक्टर एवं जिला जनगणना प्रभारी रजनी वर्मा ने बताया कि स्व-गणना एक नया सुविधाजनक विकल्प है। यह परिवार के किसी भी उत्तरदाता को सुरक्षित वेब पोर्टल का उपयोग करते हुए अपने घर अथवा कार्यालय या अन्य किसी स्थान से ऑनलाइन अपने परिवार की जानकारी स्वयं भरने की सुविधा प्रदान करता है। सुश्री वर्मा ने बताया कि स्वगणना के तहत आपको ऑनलाइन फार्म भरकर एक विशिष्ट आईडी जनरेट करना होता है, जिसे बाद में आने वाले जनगणना कर्मचारी को दिखाना होता है, जिससे डेटा सत्यापन आसान हो जाएगा। यह पोर्टल 16 अलग-अलग भाषाओं में उपलब्ध होगा, ताकि लोग अपनी मातृभाषा में जानकारी साझा कर सकें। इस प्रक्रिया में मुख्य रूप से दो श्रेणियों में डेटा एकत्र किया जाएगा। मकान सूचीकरण के तहत घर के स्वामित्व, निर्माण सामग्री और उपलब्ध सुविधाओं का विवरण होगा तथा जनसंख्या विवरण के तहत परिवार के सदस्यों के नाम,

# सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर की सीधी भर्ती के शिविर लगेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में हरदा जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। 'एसआईएस' केंद्रीय प्रशिक्षण केंद्र रीजनल ट्रेनिंग नीमच द्वारा जिले के विभिन्न विकासखंडों में सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के पदों पर सीधी भर्ती के लिए रोजगार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

जिला परियोजना प्रबंधक रामनिवास कालेश्वर ने बताया कि ये शिविर जनपद पंचायत टिमरनी में 7 अप्रैल को, जनपद पंचायत खिरकिया में 8 अप्रैल को और जनपद पंचायत हरदा में 9 अप्रैल को आयोजित किए जाएंगे। सभी शिविर सुबह 10:30 बजे से शाम 4 बजे तक चलेंगे। कालेश्वर ने भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आवश्यक योग्यताओं की जानकारी दी। इच्छुक उम्मीदवारों को कम से कम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए, आयु 18 से 38 वर्ष के बीच होनी चाहिए, न्यूनतम ऊंचाई 163 सेंटीमीटर और वजन कम से कम 48 किलोग्राम होना अनिवार्य है। उन्होंने संबंधित विकासखंडों को निर्देश दिए हैं कि वे इन शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अधिक से अधिक पात्र युवा इन रोजगार अवसरों का लाभ उठा सकें।

### विकासखंड की शैक्षणिक संस्थाओं में कार्यक्रमों का आयोजन किया

# प्रवेश-उत्सव मनाया गया, साइकिलों व पुस्तकों का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

विकासखंड में चार दिवसीय सभी शैक्षणिक संस्थाओं में बड़े उत्साह के साथ प्रवेश-उत्सव मनाया गया। इस दौरान स्कूलों के प्रवेश-द्वारों को गुब्बारों एवं रंगोली से आकर्षक-स्वरूप दिया गया था। कई स्कूलों में मध्यान्ह भोजन में नव-प्रवेशित छात्र-छात्राओं ने खीर-पुड़ी का स्वाद भी लिया। इस अवसर पर शा.उ.उत्कृष्ट वि.के प्राचार्य आर.डी.अम्ब ने बताया कि कक्षा 6वीं और कक्षा 9वीं के पात्र छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिलों और पुस्तकों का वितरण किया गया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पालकों को भी आमंत्रित किया गया था। स्थानीय शा.कन्या उ.मा.वि.के प्राचार्य धर्मेन्द्र भाटी ने बताया कि में शिक्षिकाओं ने गुब्बारों और रंगोली से मुख्य द्वार को सजाया था। इनमें मंदाकनी ठाकुर, नीतू बिसेन, सुमन वासुरे, पूजा पंवार, पवित्रा सरमंडल, अनिता बिल्लोरे आदि हैं। नव-प्रवेशित छात्राओं में जाग्रति, मंजू,जया, खुशबू, सारिका, सलोनी ने कहा कि उन्हें इस माहौल में अच्छा लग रहा है।



शा.एकीकृत बालक स्कूल में शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा प्रवेश-उत्सव के दौरान प्रवेश द्वार की आकर्षक सजावट की गई थी और उनमें काफी उत्साह था। प्रधान पाठक चरणजीतकौर भाटिया ने बताया कि कक्षा 6 ठी में प्रवेश लेने वाले छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और मध्यान्ह-भोजन में खीर-पुड़ी खिलाई गई थी। इस अवसर पर झिरन्या सहित ग्राम कोड़ीखाल और डेहरिया के कई छात्रों ने प्रवेश लिया। इनमें शिवम, रितेश, दीपक, देवीदास, सुमित, राजवीर बडोले, महावीर, विवराज, राम जमरे, युवराज डुडवे आदि प्रमुख थे। जबकि जनप्रतिनिधि सिंपल भाटिया की उपस्थिति में छात्रों को निशुल्क साइकिलें और पुस्तकें वितरित की गई।

**21 हजार छात्र-छात्राओं को देंगे प्रवेश**-बीइओ प्रभात परमार्थी ने बताया कि इस सत्र में निर्धारित 29 हजार में से 21 हजार छात्र-छात्राएं नामांकित किये गए हैं और शेष 8 हजार को भी स्कूलों में प्रवेश दिलाया जावेगा। इसी तरह कक्षा 6वीं और 9वीं के पात्र छात्र-छात्राओं को 720 साइकिलें और 17 हजार पाठ्य-पुस्तकें जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वितरण की गई। यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी।